प्रसारण तिथि : 17.06.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे का करेंग लोकार्पण : 91 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर लागू होगा एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम।
2. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 24 जून को वाराणसी में भाजपा की मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में होंगे शामिल : मुख्यमंत्री ने आज कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा।
3. केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने आज बरेली में दिव्यांगों को वितरित किये सहायक उपकरण : जातीय जनगणना की अधिसूचना जारी होने का किया स्वागत।
4. उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2025 का परिणाम घोषित : मिर्जापुर के सूरज कुमार पटेल ने हासिल किया प्रथम स्थान। और
5. प्रदेशभर में योग सप्ताह के तहत हो रहे आयोजन : प्रयागराज में जल योग कर लोगों को किया गया प्रेरित।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 20 जून को गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे का लोकार्पण करेंगे। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे प्रदेश के पूर्वी ज़िलों की औद्योगिक प्रगति की गति देगा। पेश है एक रिपोर्ट....

*यात्री सुरक्षा के लिहाज से गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस–वे के लोकार्पण के दिन मुख्यमंत्री सुरक्षा फ्लीट को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। सुरक्षा फ्लीट में 5 इनोवा, 5 कैम्पर, 4 एम्बुलेंस, 2 क्रेन और 1 हाइड्रा वाहन शामिल हैं। यूपीडा के नोडल सिक्योरिटी ऑफिसर राजेश पांडेय ने बताया कि सुरक्षा के लिहाज़ 8–8 घंटे के शिफ्ट में पैट्रोलिंग की जाएगी। इसके अलावा 91 किमी लंबे इस एक्सप्रेस–वे पर हर 45 किमी पर सड़क के दोनों तरफ एक–एक एम्बुलेंस की तैनाती रहेगी। सड़क सुरक्षा के लिए यहां लखनऊ–आगरा एक्सप्रेस–वे की तर्ज पर एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम भी लागू किया जाएगा। इस सिस्टम के तहत एक्सप्रेसवे पर हर पांच किमी पर सीसीटीवी कैमरों के ज़रिए निगरानी रखी जाएगी। इस एक्सप्रेस–वे के बनने से पूर्वांचल में निवेश को बढ़ावा मिल सकेगा। आकाशवाणी समाचार कक्ष से शैलेंद्र शर्मा।*

—————————

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 24 जून को वाराणसी में भाजपा की मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक में शामिल होंगे। इस क्रम में आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायज़ा लिया। मंडलायुक्त एस. राजलिंगम ने बैठक को लेकर की गयी तैयारियों के बारे में मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मध्य क्षेत्रीय परिषद की बैठक मे मेजबान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहेंगे।

—————————

केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने आज बरेली में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांगों को सहायक उपकरणों का वितरण किया। कार्यक्रम में श्री वर्मा ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि दिव्यांग जनों को सहूलियत के लिए उपकरणों का लगातार वितरण किया जाए ताकि उनका जीवन सुविधाजनक हो सके। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने जातीय जनगणना की अधिसूचना जारी होने का स्वागत किया। बाइट....

*मैं माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। पूरे देश की जनता की ओर से पूरे पश और समाज की ओर से जो मांग कर रहे थे बड़ा कदम उठाते हुए माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी ने ये जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है और समय पर होगी और इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी है।*

बसपा प्रमुख मायावती ने जातीय जनगणना पर प्रतिक्रिया देते हुए अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि जनकल्याण से सीधे तौर पर जुड़ा जनगणना का कार्य देशहित में अब समय से ईमानदारी पूर्वक पूरा होना चाहिए।

———————

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय की उपस्थिति में आज उत्तर प्रदेश संयुक्त बी.एड. प्रवेश परीक्षा–2025 का परिणाम घोषित किया गया। यह परीक्षा बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ने 751 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की थी, जिसमें लगभग साढ़े तीन लाख अभ्यर्थियों ने

पंजीकरण कराया था। परीक्षा में मिर्जापुर के सूरज कुमार पटेल ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं भदोही की शीबा परवीन दूसरे और जौनपुर की शिवांगी यादव तीसरे स्थान पर रहीं। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री ने सफल होने वाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल कर ये सुनिश्चित किया गया कि परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी रहे।

—————————

मथुरा के वृंदावन में ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर के निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रकिया शुरू हो गई है। मथुरा के जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि गलियारे में आने वाले सभी 275 परिवारों को पूरा मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने गलियारे के दायरे में आ रहे लोगों से अपील की है कि वह अपना समर्थन पत्र प्रशासन को सौंपें जिससे इस प्रोजेक्ट को तेज़ी से पूरा किया जा सके। बाइट....

*सरकार ने तय किया हुआ है की जिनकी भी मकान,दुकान कॉरिडोर में आएगी उनको दुकान के बगले दुकान दी जाएगी। भूमिका मकान का उचित मुआवजा दिया जायेगा जो भरपूर होगा और अगर उनको रिहायश की भी आवश्यकता होगी तो वृंदावन में ही उनको मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के द्वारा फ्लैट या जो भी और व्यवस्था होगी वो ऑफर की गयी है।*

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

भारत ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले 11 वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष श्रृंखला लाया है। इस कडो में आज, हम स्वास्थ्य सेवा पर जानकारी दे रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट....

*पिछले एक दशक में, भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में उल्लेखनीय परिवर्तन हुआ है। आयुष्मान भारत जैसी प्रमुख पहलों ने लगभग 55 करोड़ लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान की है। जबकि आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत, 70 वर्ष और इससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया गया है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन ने स्वास्थ्य सेवा वितरण को आधुनिक बनाया है, जिसके अंतर्गत 78 करोड़ से अधिक आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए गए हैं। इसके अलावा, पीएम–आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे का तेजी से विस्तार हुआ है। सरकार ने कोविड–19 महामारी के दौरान पहला मामला दर्ज होने से पहले हवाईअड्डों पर स्क्रीनिंग से लेकर वैक्सीन टास्क फोर्स का गठन और तुरंत देशव्यापी लॉकडाउन लगाने तक*

*त्वरित और साहसिक कदम उठाए। सभी के लिए स्वास्थ्य के दृष्टिकोण के अंतर्गत सरकार ने पिछले 11 वर्षों में भारत की स्वास्थ्य सेवा की पहुँच का विस्तार करने और इसकी गुणवत्ता में सुधार करने में अभूतपूर्व प्रगति की है। विष्णु की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से सरफिरोज़ी।*

———————

**प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने आज लखनऊ में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रदेश की 403 विधानसभाओं के लिए होने वाला यह प्रशिक्षण 17 जून, 19 जून और 25 जून को तीन बैच में कराया जाएगा। पहले चरण में आज 124 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने कहा कि प्रशिक्षण सत्र का उद्देश्य प्रदेश की मतदाता सूची को दुरुस्त करना है।**

———————

**ग्यारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य मे प्रदेश भर में 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी क्रम में फर्रुखाबाद में आज पुलिस कर्मियों ने पुलिसलाइन में योगाभ्यास किया। वहीं प्रयागराज में आज जल योग का आयोजन किया गया। पेश है एक रिपोर्ट .....**

*अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर प्रयागराज में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज यमुना नदी के बरगद घाट पर जलयोग का आयोजन किया गया। इसमें तैराकी सीखने वाले प्रशिक्षुओं के साथ ही बड़ी संख्या में युवाओं ने हिस्सा लिया। तैराकी प्रशिक्षक ने लोगों से विभिन्न योगमुद्राओं में जल योग करवाया और जल*

*योग के फायदों को बारे में जागरुक किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर ये सभी लोग जल योग में शामिल होंगे। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।*

—————————

**विश्व घड़ियाल दिवस पर इटावा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में वन विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों और वन्य जीव संस्थाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर वन विभाग बसरेहर वन रेंज के रेंजर अमित सोलंकी ने बताया कि इटावा में घड़ियाल संरक्षण के भी आज 50 साल पूरे हुए हैं। वर्ष 1975 में इटावा की चम्बल नदी में 38 घड़ियालों के अंडे छोड़े गए थे, और आज चंबल में घड़ियालों की संख्या करीब 3000 के आसपास जा पहुंची है।**

—————————

**गाज़ियाबाद, गौतम बुद्धनगर और आस पास के ज़िलों में आज बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जनपदों में बारिश का अनुमान जताया है। साथ ही राज्य के पूर्वी इलाकों में आकाशीय बिजली गिरने का ऑरेंज और पश्चिमी ज़िलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।**

**(समाप्त)**